This Question Paper consists of 25 questions and 8 printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में 25 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No. | | | | | | | | | | | | **Code No. 60/S/A**
अनुक्रमांक **कोड नं.**

Set / सेट - A

ACCOUNTANCY
(लेखांकन)
(224)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators **1.** ____________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. ____________________

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.
5. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
6. Write your Question Paper code No. **60/S/A-A** on the Answer-Book.
7. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **60/S/A-A** लिखें ।

7 (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ACCOUNTANCY
(लेखांकन)
(224)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Notes : (1) **All** questions are **compulsory**.
(2) Marks allotted for each question are indicated against it.

निर्देश : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं।

1 Which of the following is not a business transaction of a sole-proprietor ? **1**

(A) Sale of goods (B) Purchase of goods
(C) Payment of Sales tax (D) Payment of Income tax

निम्नलिखित में से कौन–सा लेनदेन एकाकी स्वामी के व्यवसाय का नहीं है ?

(A) माल का विक्रय (B) माल का क्रय
(C) विक्रय कर का भुगतान (D) आय कर का भुगतान

2 In accounting equation : **1**

(A) Assets = Liabilities – Capital (B) Liabilities = Assets + Capital
(C) Assets = Liabilities + Capital (D) Assets = Capital – Liabilities

लेखांकन समीकरण है :

(A) संपत्तियाँ = देयताएँ – पूँजी (B) देयताएँ = संपत्तियाँ + पूँजी
(C) संपत्तियाँ = देयताएँ + पूँजी (D) संपत्तियाँ = पूँजी – देयताएँ

3 Which of the following is the purpose of Ledger ? **1**

(A) Proper control over transactions.
(B) Helpful in preparing Trial Balance.
(C) Helpful in preparing financial statements.
(D) All of the above

निम्न में से 'खाताबही' का उद्देश्य कौन–सा है ?

(A) लेनदेनों पर उचित नियंत्रण ।
(B) तलपट बनाने में सहायता करना ।
(C) वित्तीय विवरण बनाने में सहायता करना ।
(D) उपरोक्त सभी

4 Out of the following reserves, which can be utilized for writing off goodwill ? **1**

(A) General Reserve (B) Capital Reserve
(C) Secret Reserve (D) Revenue Reserve

निम्नलिखित संचयों में से किस संचय का उपयोग ख्याति के अपलेखन हेतु किया जा सकता है ?

(A) सामान्य संचय (B) पूँजी संचय
(C) गुप्त संचय (D) आयगत संचय

5 Carriage outward is shown in : **1**

(A) Debit side of Trading Account
(B) Credit side of Trading Account
(C) Debit side of Profit & Loss Account
(D) Credit side of Profit & Loss Account

'भाड़ा जावक' दर्शाया जाता है :

(A) व्यापार खाते के नाम पक्ष में
(B) व्यापार खाते के जमा पक्ष में
(C) लाभ–हानि खाते के नाम पक्ष में
(D) लाभ–हानि खाते के जमा पक्ष में

6 Central Processing Unit (CPU) does not include : **1**

(A) Control Unit (B) Memory Unit
(C) Arithmetic and Logic Unit (D) Output Unit

मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट में सम्मिलित नहीं होता :

(A) नियंत्रण इकाई (B) स्मृति इकाई
(C) अंकगणितीय और तार्किक इकाई (D) निर्गम इकाई

7 Write a short note on Internal liabilities. **3**

आंतरिक देयताओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

8 Write any three advantages of Double Entry System. **3**

द्विअंकन प्रणाली के कोई तीन लाभ लिखिए ।

9 Briefly explain "Suspense Account". **3**

'संशय खाता' की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए ।

10 Classify the following liabilities into Internal and External liabilities : **3**
Capital, Bank loan, Creditors, Profits of business, Reserves and Surplus, Outstanding expenses.

निम्नलिखित देयताओं को आंतरिक तथा बाह्य देयताओं में वर्गीकृत कीजिए :
पूँजी, बैंक ऋण, लेनदार, व्यवसाय के लाभ, संचय एवं आधिक्य, अदत्त व्यय ।

11 State the applications of computer in accounting. **3**

लेखांकन में कम्प्यूटर के उपयोग बताइए ।

12 What is meant by a "Journal" ? Explain various steps in the process of journalising. **4**

'रोजनामचा' से क्या तात्पर्य है ? रोजनामचित करने की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए ।

13 Write any four causes for the disagreement of a trial balance. **4**

तलपट न मिलने के कोई चार कारण लिखिए ।

14 State the meaning and significance of dual aspect concept. **5**

द्विपक्षीय अवधारणा का अर्थ तथा महत्त्व बताइए ।

15 Define the following terms : **5**

Capital, Drawings, Wasting assets, Bills receivables, Creditor.

निम्नलिखित मदों को परिभाषित कीजिए :

पूँजी, आहरण, क्षयी संपत्तियां, प्राप्य विपत्र, लेनदार ।

16 Enter the following transactions in a bank column cash book : **5**

2018 March

1 Started business by depositing ₹ 50,000 in bank.
5 Received from Ashutosh ₹ 5,500 in full settlement of ₹ 6,000.
10 Cash sales of ₹ 4,000.
12 Goods purchased for cash ₹ 5,000.
14 Paid to Y. Khan ₹ 4,000, he allowed a discount of ₹ 200.
16 Received a cheque from Narendra ₹ 2,000.
30 Drew cheque for petty expenses ₹ 800.

निम्नलिखित लेनदेनों को बैंक स्तंभीय रोकड़ बही में प्रविष्ट कीजिए :

2018 मार्च

1 बैंक में ₹ 50,000 जमा कराकर व्यवसाय प्रारंभ किया ।
5 आशुतोष से ₹ 6,000 के पूर्ण निपटान स्वरूप ₹ 5,500 प्राप्त किये ।
10 ₹ 4,000 की नकद बिक्री ।
12 ₹ 5,000 का माल नकद खरीदा ।
14 वाई. खान को ₹ 4,000 का भुगतान किया, उसने ₹ 200 का बट्टा दिया ।
16 नरेन्द्र से ₹ 2,000 का चैक प्राप्त किया ।
30 खुदरा व्ययों हेतु ₹ 800 का चैक जारी किया ।

17 Distinguish between Provision and Reserve on any four bases. **5**

किन्हीं चार आधारों पर प्रावधान एवं संचय में अंतर्भेद कीजिए ।

18 What is Tally ? Write any four features of it. **5**

टैली क्या है ? इसकी कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।

19 How is accounting information useful to Investors, Government, Employees and Customers ? **6**

निवेशकों, सरकार, कर्मचारियों तथा ग्राहकों हेतु लेखांकन सूचना किस प्रकार उपयोगी होती है ?

20 From the following information prepare a Bank Reconciliation Statement of Kiran : **6**

(a) Overdraft as per pass book ₹ 17,050.

(b) Cheques issued but not presented for payment ₹ 7,850.

(c) Cheques deposited but yet to be collected ₹ 9,500.

(d) Cheque received and recorded in Cash Book but not sent to the bank for collection ₹ 1,600.

(e) Payment received from a customer directly by bank ₹ 2,700, not recorded in cash book.

(f) Bank charges debited in pass book only ₹ 30.

(g) Premium on life policy of Kiran paid by bank on standing advice ₹ 600.

निम्नलिखित सूचनाओं से किरण का बैंक समाधान विवरण बनाइए :

(क) पास बुक के अनुसार अधिविकर्ष ₹ 17,050 ।

(ख) ₹ 7,850 के चैक जारी किये परंतु भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए ।

(ग) ₹ 9,500 के चैक जमा कराए परंतु अभी संग्रहण किया जाना है ।

(घ) चैक प्राप्त करके रोकड़ बही में प्रविष्ट कर दिया परंतु संग्रहण हेतु बैंक में नहीं भेजा ₹ 1,600 ।

(ङ) बैंक ने एक ग्राहक से सीधे ही ₹ 2,700 का भुगतान प्राप्त कर लिया जो रोकड़ बही में अभिलेखित नहीं है ।

(च) बैंक प्रभार के पास बुक में ही नामित किये गये हैं ₹ 30 ।

(छ) स्थाई अनुदेश पर बैंक ने किरण की जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम ₹ 600 का भुगतान कर दिया ।

21 From the following transactions, prepare a purchase book for the month of February 2018 in the books of K. K. Textiles, Cuttack : **6**

Date	***Invoice No.***	***Transaction***
5-2-2018	203	Purchased on credit from Bombay Mills, Maharashtra 150 Polyester sarees @ ₹ 200 each less 10% trade discount.
26-2-2018	385	Purchased on credit from Sachin Textiles, Kolkata 50 Kota sarees @ ₹ 250 each at 20% trade discount.

निम्नलिखित लेनदेनों से के. के. टैक्सटाइल्स, कटक की लेखापुस्तकों में फरवरी 2018 माह हेतु क्रय बही बनाइए :

तिथि	**बीजक संख्या**	**लेनदेन**
5-2-2018	203	बॉम्बे मिल्स, महाराष्ट्र से उधार माल खरीदा : ₹ 200 प्रत्येक की दर से 150 पॉलिस्टर साड़ियाँ, घटाया 10% व्यापार बट्टा ।
26-2-2018	385	सचिन टैक्सटाइल्स, कोलकाता से उधार माल खरीदा : 20% के व्यापार बट्टे पर ₹ 250 प्रत्येक की 50 कोटा साड़ियाँ ।

22 Distinguish between 'Journal' and 'Ledger' on any four bases. **6**
किन्हीं चार आधारों पर 'रोजनामचा' व 'खाताबही' में अंतर्भेद कीजिए ।

23 On 01-07-2015, a second-hand machine was purchased for ₹ 9,000 and spent ₹ 1,000 on its repairs and installation. On 1-7-2017, another machine purchased for ₹ 6,000. On 30-6-2018 the first machine was disposed of for ₹ 6,800. Depreciation is charged at 10% p.a. by diminishing balance method and accounts closed on 31st December. Show Machinery Account upto 31-12-2018. **6**
1 जुलाई 2015 को ₹ 9,000 में एक पुरानी मशीन खरीदी गयी तथा उसके स्थापन एवं मरम्मत पर ₹ 1,000 व्यय किये गये । ता. 1-7-2017 को ₹ 6,000 में एक और मशीन खरीदी गयी । ता. 30-6-2018 को पहली मशीन ₹ 6,800 में बेच दी गयी । ह्रासित शेष विधि के अनुसार 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रास लगायी जाती है तथा लेखा–पुस्तकें 31 दिसंबर को बंद की जाती हैं । ता. 31-12-2018 तक का मशीनरी खाता दर्शाइए ।

24 Distinguish between 'Trading Account' and 'Profit & Loss Account' on any four bases. **6**
किन्हीं चार आधारों पर 'व्यापार खाता' तथा 'लाभ–हानि खाता' में अंतर्भेद कीजिए ।

25 From the following Trial Balance prepare Trading and Profit & Loss Account and Balance Sheet : **10**

Trial Balance as on 31-12-2018

Debit Balances	***Amount*** (₹)	***Credit Balances***	***Amount*** (₹)
Cash	2,000	Creditors	26,500
Stock	7,000	Sales	1,01,600
Debtors	38,400	Capital	30,000
Drawings	10,260	Discount	4,130
Purchase	81,200	Interest	2,770
Wages	6,500		
General Expenses	5,870		
Furniture	8,000		
Goodwill	3,000		
Carriage Inward	1,070		
Carriage Outward	1,700		
	1,65,000		***1,65,000***

Adjustments :
(i) Stock at the end ₹ 9,200.
(ii) Furniture to be depreciated @ 10% p.a.
(iii) Outstanding wages ₹ 500.
(iv) Prepaid General Expenses ₹ 270.

निम्नलिखित तलपट से 'व्यापार एवं लाभ–हानि खाता तथा तुलन पत्र बनाइए ।

31-12-2018 के रोज का तलपट

नाम शेष	**रकम (₹)**	**जमा शेष**	**रकम (₹)**
रोकड़	2,000	लेनदार	26,500
रहतिया	7,000	विक्रय	1,01,600
देनदार	38,400	पूँजी	30,000
आहरण	10,260	बट्टा	4,130
क्रय	81,200	ब्याज	2,770
मजदूरी	6,500		
सामान्य व्यय	5,870		
फर्नीचर	8,000		
ख्याति	3,000		
भाड़ा आवक	1,070		
भाड़ा जावक	1,700		
	1,65,000		***1,65,000***

समायोजन :

(i) अंत में रहतिया ₹ 9,200 ।

(ii) फर्नीचर को 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रासित किया जाना है ।

(iii) अदत्त मज़दूरी ₹ 500 ।

(iv) पूर्वप्रदत्त सामान्य व्यय ₹ 270 ।

OR / अथवा

Write short notes on :

(i) Outstanding expenses

(ii) Closing stock

(iii) Prepaid expenses

(iv) Depreciation.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) अदत्त व्यय

(ii) अंतिम रहतिया

(iii) पूर्वप्रदत्त व्यय

(iv) ह्रास ।